

# शुभसन्देश कहानी पुस्तक

## कार्यक्रम पुस्तिका





इस पुस्तिका में प्रयुक्त की गई कहानियाँ शुभसन्देश कहानीपुस्तकों में से ली गई हैं।

याद किए जाने वाले बाइबल पद the HOLY BIBLE: EASY-TO-READ VERSION © 2006 by World Bible Translation Center, Inc. में से लिए और अनुमति से प्रयुक्त किए गए हैं।

शुभसन्देश कहानी पुस्तक कार्यक्रम पुस्तिका। कॉपीराइट 2013. भारत में मुद्रित।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: WBTC India, P.O. Box 8478, Bangalore 560084.
ईमेल: info@wbtcindia.com

# विषयवस्तु


परिचय ............................................................ 2-3

चित्र बना कर कैसे बताएँ ...................................... 4-5

पाठ 1 ............................................................ 6-9

पाठ 2 ............................................................ 10-13

पाठ 3 ............................................................ 14-18

पाठ 4 ............................................................ 19-23

पाठ 5 ............................................................ 24-27

पाठ 6 ............................................................ 28-31

पाठ 7 ............................................................ 32-34

पाठ 8 ............................................................ 35-38

पाठ 9 ............................................................ 39-42

पाठ 10 .......................................................... 43-46

पाठ 11 .......................................................... 47-49

पाठ 12 .......................................................... 50-52

पाठ 13 .......................................................... 53-55

पाठ 14 .......................................................... 56-58

पाठ 15 .......................................................... 59-62

पाठ 16 .......................................................... 63-66

पाठ की तैयारी करना ............................................67

प्रार्थना ...............................................................68

# परिचय



**कुछ करने के द्वारा सभी लोग बेहतर तरीके से सीखते हैं।**

*उदाहरण:* चित्रकारी, लेखन, गायन, अभिनय, पर्यवेक्षण या भाषण।

कुछ करने के द्वारा सभी लोग बेहतर तरीके से सीखते हैं

**एक शिक्षण बिन्दु का उपयोग करने के द्वारा सभी लोग बेहतर तरीके से सीखते हैं।**

कहानी, ऐक्शन गीत, किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ, बाइबल पद याद करने का खेल और आज हमारे लिए व्यावहारिक प्रयुक्ति, इन सभी में एक ही सन्देश अर्थात एक शिक्षण बिन्दु है। *उदाहरण:* यह शिक्षण बिन्दु, यीशु जगत की ज्योति है, पाठ की हर एक गतिविधि के माध्यम से दर्शाया गया है।

एक शिक्षण बिन्दु का उपयोग करने के द्वारा सभी लोग बेहतर तरीके से सीखते हैं

**दोहराने, दोहराने और दोहराने के द्वारा सभी लोग बेहतर तरीके से सीखते हैं।**

*उदाहरण: शुभसन्देश कहानी पुस्तक शृंखला* में से एक कहानी सुनाएँ। किसी बच्चे से कहें कि अब वह इस कहानी को सारे समूह के सामने सुनाए और उसके बाद किसी अन्य बच्चे से कहें कि अब वह इस कहानी को सुनाए या कहानी सुनाने के बाद बच्चों से कहें कि वे इस कहानी को चित्रकारी के द्वारा दर्शाएँ या कहानी सुनाने के बाद बच्चों से कहानी के बारे में प्रश्न पूछें।

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक कार्यक्रम पुस्तिका**

*शुभसन्देश कहानी पुस्तक कार्यक्रम* में 16 पाठ हैं। हर एक पाठ में *शुभसन्देश कहानी पुस्तक शृंखला* में से एक कहानी, एक ऐक्शन गीत, किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ, बाइबल पद याद करने का खेल और आज हमारे जीवन के लिए एक व्यावहारिक प्रयुक्ति शामिल है। हर एक पाठ में बच्चे कुछ न कुछ अवश्य करते हैं।

हर एक पाठ में आप कितना सिखाएँ, यह इस पर निर्भर करता है कि बच्चों के साथ आपका समय कितना है और उनके विकास का स्तर क्या है। हर एक पाठ में *शुभसन्देश कहानी पुस्तक शृंखला* में से कम से कम एक कहानी, एक ऐक्शन गीत और एक शिक्षण बिन्दु सिखाने वाली एक व्यावहारिक प्रयुक्ति अवश्य शामिल हो।

दोहराने, दोहराने और दोहराने के द्वारा सभी लोग बेहतर तरीके से सीखते हैं

इस कार्यक्रम का हर एक चरण समाप्त होने पर हर एक बच्चे को उस पाठ में प्रयुक्त की गई *शुभसन्देश कहानी पुस्तक* की एक कॉपी रखने के लिए दी जाए। *शुभसन्देश कहानी पुस्तक कार्यक्रम* के अन्त में हर एक बच्चे के पास कुल मिलाकर छः पुस्तकें हो जानी चाहिएँ।



**ऐक्शन गीत:** ऐक्शन गीत के बोल बहुत, बहुत, बहुत सरल और सीखने में आसान होने चाहिएँ। आप शब्दों को किसी भी धुन पर गा सकते हैं या आप अपना ही कोई गीत लिख सकते हैं या फिर किसी प्रचलित गीत का उपयोग भी कर सकते हैं। आप जो भी गीत चुनें, यह ध्यान में रखकर चुनें कि यह पाठ के एक शिक्षण बिन्दु को अवश्य सिखाता हो।

इस ऐक्शन गीत को तब तक दोहराते रहें जब तक कि यह बच्चों को याद न हो जाए।

**किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ:** किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले पाठ में ऐसी एक वस्तु दिखाई जाती है जिसे बच्चे प्रतिदिन देखते हैं, और जो उन्हें परमेश्वर के बारे में एक शिक्षण बिन्दु भी सिखाए।

*उदाहरण:* इस शिक्षण बिन्दु, कि यीशु जगत की ज्योति है, सिखाने के लिए किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ इस प्रकार हो सकता है: सारी बत्तियाँ बन्द कर दीजिए और एक मोमबत्ती जलाइए। बच्चों को दिखाइए कि किस प्रकार मोमबत्ती का प्राकृतिक प्रकाश प्राकृतिक अन्धेरे को दूर कर देता है। फिर बताइए कि इस मोमबत्ती के प्रकाश के समान ही यीशु आत्मिक ज्योति है और वह सब बुरी आत्माओं और हमारी सब बुरी बातों, कामों तथा विचारों द्वारा आने वाले आत्मिक अन्धेरे को मिटा देता है।

**बाइबल पद याद करने वाला खेल:** इससे बच्चों को पाठ का एक शिक्षण बिन्दु सीखने और बाइबल पद याद करने में सहायता मिलेगी। *शुभसन्देश कहानी पुस्तक कार्यक्रम* में बाइबल पद याद करने के खेल भी शामिल हैं। *उदाहरण:* याद किए जाने वाले बाइबल पद पर कोई छोटा नाटक कीजिए (बिना कुछ बोले या कोई विशेष प्रकार की आवाज़ निकाल कर) और बच्चे बारी-बारी बताने का प्रयास करते हैं कि यह कौन-सा पद है। अन्य खेलों में खजाने की खोज, अनुमान लगाने वाली प्रतिस्पर्धा और ऐसे-ऐसे अनेक खेल शामिल हैं।


**व्यावहारिक प्रयुक्ति:** यह सीखना भी महत्वपूर्ण है कि हर एक शिक्षण बिन्दु आज हमारे लिए क्या मायने रखता है? *उदाहरण:* इस शिक्षण बिन्दु, कि यीशु जगत की ज्योति है, के लिए व्यावहारिक प्रयुक्ति इस प्रकार है: जब हम बुरी आत्माओं को पीछे धकेल देने वाली आत्मिक ज्योति यीशु विश्वास करते हैं, तब बुरी आत्माओं का हम पर कोई अधिकार नहीं रह जाता।


# चित्र बना कर कैसे बताएँ


इस पुस्तिका में कुछ नमूने दिए गए हैं जिनकी आप कॉपी करके कहानी सुनाते समय चित्रकारी कर सकते हैं। इस पेज पर एक कदम-दर-कदम नमूना दिया गया है जिससे आपको सीखकर जल्दी से बनाने में सहायता मिले।

जब आप कहानी सुनाकर इसकी चित्रकारी पूरी कर लेंगे, तब बच्चे भी आपको देखकर इस कहानी की चित्रकारी कर पाएँगे।

**सामग्री:** चित्रकारी के लिए ब्लैकबोर्ड और चॉक, या मिट्टी और छड़ी, या कागज़ और पेंसिल। बच्चों को भी चित्रकारी के लिए पैड या कागज़, पेंसिल और इरेज़र की आवश्यकता पड़ेगी।







# पाठ 1



## एक शिक्षण बिन्दु

***सृजनहार परमेश्वर ने सबकुछ बनाया है***

## बाइबल में से कहानी

सृजनहार परमेश्वर ने सबकुछ बनाया है

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती है कि सृजनहार परमेश्वर ने सबकुछ बनाया है***

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक एक।** पेज 2-9 *सृजनहार परमेश्वर।*

**सामग्री:** चित्रकारी के लिए ब्लैकबोर्ड और चॉक, या मिट्टी और छड़ी, या कागज़ और पेंसिल। बच्चों को भी चित्रकारी के लिए पैड या कागज़, पेंसिल और इरेज़र की आवश्यकता पड़ेगी।

चित्रकारी करें और कहानी सुनाएँ। हर एक पेज पढ़ने के बाद बच्चों से एक प्रश्न पूछें।



1, 2, 3 कहानी सुनाना शुरू करें…

मैं तारे देख सकता हूँ। तारे गा रहे हैं।

प्रश्न: **सृजनहार परमेश्वर ने क्या बनाया?**
बच्चे जवाब देते हैं: तारे।



मैं पशुओं को देख सकता हूँ। पशु गा रहे हैं।

प्रश्न: **सृजनहार परमेश्वर ने क्या बनाया?**
बच्चे जवाब देते हैं: पशु।



मैं आत्माओं को देख सकता हूँ। आत्माएँ गा रही हैं।

प्रश्न: **सृजनहार परमेश्वर ने क्या बनाया?**
बच्चे जवाब देते हैं: आत्माएँ।



मैं सबसे पहले आदमी और औरत को देख सकता हूँ। सबसे पहला आदमी और औरत गा रहे हैं।

प्रश्न: **सृजनहार परमेश्वर ने क्या बनाया?**
बच्चे जवाब देते हैं: पहला आदमी और औरत।

मैं सृजनहार परमेश्वर को यह कहते सुन सकता हूँ, 'मैं तुमसे प्यार करता हूँ!' मैंने गाना शुरू कर दिया।

प्रश्न: **सृजनहार परमेश्वर ने क्या कहा?**

# पाठ 1



बच्चे जवाब देते हैं: मैं तुमसे प्यार करता हूँ!

मैं सृजनहार परमेश्वर को यह कहते सुन सकता हूँ, 'मेरे इस उत्तम संसार की देखभाल करो।'
शिक्षक: **सृजनहार परमेश्वर ने क्या कहा?**
बच्चे जवाब देते हैं: मेरे इस उत्तम संसार की देखभाल करो।

मैं सुन सकता हूँ कि सबकुछ गा रहा है…गा रहा है…गा रहा है।
सबकुछ सृजनहार परमेश्वर के लिए गा रहा है। सृजनहार परमेश्वर ने सबकुछ सृजा है।

**बच्चों से कहें कि इस कहानी की चित्रकारी करें।**

## ऐक्शन गीत

***ऐसे ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर ने सबकुछ बनाया है***

सृजनहार परमेश्वर ने सबकुछ बनाया है

| | |
|---|---|
| शिक्षक: | पहले दिन ईश्वर ने क्या बनाया |
| बच्चे: | पहले दिन ईश्वर ने दिन रात को बनाया |
| शिक्षक और बच्चे: | अच्छा बनाया। |
| शिक्षक: | दुसरे दिन ईश्वर ने क्या बनाया |
| बच्चे: | दुसरे दिन ईश्वर ने आकाश को बनाया |
| शिक्षक और बच्चे: | अच्छा बनाया। |
| शिक्षक: | तीसरे दिन ईश्वर ने क्या बनाया |
| बच्चे: | तीसरे दिन ईश्वर ने पेड़ पौधों को बनाया |
| शिक्षक और बच्चे: | अच्छा बनाया। |
| शिक्षक: | चौथे दिन ईश्वर ने क्या बनाया |
| बच्चे: | चौथे दिन ईश्वर ने सूरज चाँद को बनाया |
| शिक्षक और बच्चे: | अच्छा बनाया। |
| शिक्षक: | पाँचवें दिन ईश्वर ने क्या बनाया |
| बच्चे: | पाँचवें दिन ईश्वर ने पशु पक्षी को बनाया |
| शिक्षक और बच्चे: | अच्छा बनाया। |
| शिक्षक: | छठवें दिन ईश्वर ने क्या बनाया |
| बच्चे: | छठवें दिन ईश्वर ने जीव जन्तु और मनुष्य को बनाया |
| शिक्षक और बच्चे: | अच्छा बनाया। |

# पाठ 1

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***सृजनाहर परमेश्वर ने सबकुछ बनाया है***

सृजनहार परमेश्वर ने सबकुछ बनाया है

**देखो और सीखो:** बादलों को देखो, हर एक बादल एक बादल है, लेकिन फिर भी हर एक बादल एक दूसरे से अलग है। रात को तारों को देखो, हर एक तारा एक तारा है, लेकिन फिर भी हर एक तारा एक दूसरे से अलग है। हर एक गाय को देखो, हर एक गाय एक गाय है, लेकिन फिर भी हर एक गाय एक दूसरे से अलग है। आदमी को देखो, हर एक आदमी एक आदमी है, लेकिन फिर भी हर एक आदमी एक दूसरे से अलग है। औरत को देखो, हर एक औरत एक औरत है, लेकिन फिर भी हर एक औरत एक दूसरे से अलग है।

सारी सृष्टि का सृजनहार एक ही है। सृजनहार परमेश्वर ने ही सबकुछ बनाया है। सृजनहार परमेश्वर ने सभी को एक समान बनाया है, लेकिन फिर भी सबकुछ एक दूसरे से अलग है।

## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर ने सबकुछ रचा है***




बताएँ कि सृजनहार परमेश्वर का एक और नाम *यहोवा* है।

**भजन 146 पद 1 और 6** *'यहोवा का गुण गान कर! मेरे मन, यहोवा की प्रशंसा कर। यहोवा ने स्वर्ग और धरती को बनाया है। यहोवा ने सागर और उसमें की हर वस्तु बनाई है।'*



**खजाने के खोज:** किसी खाली कागज़ पर लिखें 'यहोवा का गुण गान कर!' (अब कागज़ की दूसरी ओर हृदय से आराधना करते हुए एक व्यक्ति का चित्र बनाएँ)। अब किसी दूसरे कागज़ पर लिखें 'यहोवा का गुण गान कर!' (अब कागज़ की दूसरी ओर हृदय से आराधना करते हुए एक व्यक्ति का चित्र बनाएँ)।  अब किसी अन्य कागज़ पर लिखें 'मेरे मन, यहोवा की प्रशंसा कर।', (अब कागज़ की दूसरी ओर हृदय से आराधना करते हुए एक व्यक्ति का चित्र बनाएँ)। अब किसी अन्य कागज़ पर लिखें 'यहोवा ने स्वर्ग और धरती को बनाया है।' (अब कागज़ की दूसरी ओर आकाश और पृथ्वी का चित्र बनाएँ)। अब किसी अन्य कागज़ पर लिखें 'यहोवा ने सागर और उसमें की हर वस्तु बनाई है।' (अब कागज़ की दूसरी ओर समुद्र और मछलियों का चित्र बनाएँ)। बच्चों के आने से पहले इन सभी कागज़ों को अलग-अलग स्थानों पर छिपा दें। पाँच अलग-अलग कागज़ों पर उन स्थानों के साधारण से नक्शे बनाएँ जहाँ पर आपने वे कागज़ छिपाए हैं।



बच्चों की पाँच टीमें बनाएँ। (यदि बच्चे 5 से कम है, तो सभी बच्चों की एक ही टीम बनाएँ और उनसे कहें कि सभी नक्शों पर बारी-बारी काम करें)। उम्र में बड़े बच्चों को समूह के लीडर बनाएँ और उनसे कहें कि वे छोटे बच्चों की सहायता करें।  हर एक टीम को उनके नक्शे दे दें या आप स्वयं बोल कर भी उनकी सहायता कर सकते हैं कि छिपा हुआ 'खजाना' कहाँ है।

वही टीम जीतती है, जिसे याद करने वाला बाइबल पद सबसे पहले मिल जाता है।

1, 2, 3 शुरू करो…

जब सभी टीमों को अपने-अपने कागज़ मिल जाएँ जिन पर याद करने वाला बाइबल पद लिखा है, तो हर एक टीम के बच्चों से कहें कि वे अपनी-अपनी टीम का एक लीडर चुनें। अब प्रत्येक टीम के लीडर से कहें कि वे याद किए जाने वाले बाइबल पद के वाक्यों या चित्रों को सही क्रम में लगाएँ। जरूरी है कि सभी टीमों के लीडर एक साथ मिल कर काम करें। जब उनका क्रम सही हो जाए तो उन्हें बता दें।

तब सभी टीमों के अगुवे याद करने वाले बाइबल पद को सही क्रम में पकड़ें ताकि सभी बच्चे याद किए जाने वाले इन बाइबल पदों को एक-एक करके जोर से बोलें।

यदि बच्चों को अभी पढ़ना नहीं आता है तो चित्र दिखाते हुए उन्हें शब्द बोलकर बताएँ। बच्चों से कहें कि याद किए जाने वाला बाइबल पद तब तक जोर से बोलते रहें जब तक यह उन्हें याद न हो जाए। अब ये याद किए जाने वाले पद उनसे ले लें और तब उनसे कहें कि वे अब बिना देखे ये बाइबल पद सुनाएँ।

## व्यावहारिक प्रयुक्ति


***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि सृजनहार परमेश्वर ने सबकुछ रचा है***

सृजनहार परमेश्वर ने सबकुछ बनाया है

सृजनहार परमेश्वर ने सबकुछ रचा, आपको भी और मुझे भी। केवल सृजनहार परमेश्वर ही आराधना के योग्य है क्योंकि सृजनहार परमेश्वर ने ही सबकुछ रचा है।

**प्रार्थना:** सृजनहार परमेश्वर, आप ने ही सबकुछ रचा है। हम केवल आप ही की आराधना करते हैं क्योंकि आपने ही सबकुछ रचा है। सबकुछ रचने के लिए धन्यवाद। मुझसे प्रेम करने के लिए धन्यवाद। आमीन।

# पाठ 2



सृजनहार परमेश्वर सभी ताकतों से बलवान है

## एक शिक्षण बिन्दु

***सृजनहार परमेश्वर सभी ताकतों से बलवान है***

## बाइबल में से कहानी

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती है कि सृजनहार परमेश्वर सभी ताकतों से बलवान है***

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक एक।** पेज 10-13. *सबसे बलवान*

पेज 10-13 पर दी गई कहानी को बच्चों के लिए पढ़ें, और पढ़ते हुए *शुभसन्देश कहानी पुस्तक एक* में से बच्चों को चित्र भी दिखाएँ।

आपके कहानी पढ़ने के बाद अब बच्चों की बारी है।

**बच्चे कहानी दोहराते हैं:** हर एक बच्चे को 1 और 2, 1 और 2, 1 और 2, 1 और 2, 1 और 2, 1 और 2 नम्बर दें। 1 नम्बर वाले बच्चे को 2 नम्बर वाले बच्चे के साथ जोड़ा बनाना है। जिस बच्चे को 1 नम्बर मिला है वह उस 2 नम्बर वाले बच्चे को कहानी सुनाए जिसके साथ उसने जोड़ा बनाया है। जब सभी कहानी सुना लें तब जिस बच्चे को 2 नम्बर मिला है वह उस 1 नम्बर वाले बच्चे को कहानी सुनाए जिसके साथ उसने जोड़ा बनाया है। जब सब बच्चे कहानी सुना लें तब सभी एक समूह में फिर से इकट्ठे हो जाएँ।

### प्रश्न और उत्तर प्रतिस्पर्धा

इस कहानी के बारे में बच्चों से प्रश्न पूछें। बच्चों की दो टीमें बनाएँ। पहली टीम से एक प्रश्न पूछें। पहली टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए। यदि पहली टीम सही उत्तर नहीं देती है तो दूसरी टीम से यही प्रश्न पूछें। दूसरी टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए।

ब्लैकबोर्ड पर या किसी कागज़ पर सबके अंक लिखते रहें।

अब दूसरी टीम से कहानी के बारे में अगला प्रश्न पूछें। टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए।

# पाठ 2



यदि दूसरी टीम सही उत्तर नहीं देती है तो पहली टीम से यही प्रश्न पूछें। पहली टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए।

इस प्रकार बारी-बारी से दोनों टीमों से कहानी के बारे में प्रश्न पूछते रहें।

यदि कोई बच्चा गलत उत्तर देता है तो यह कहते उसे प्रोत्साहित करें कि तुमने अच्छी कोशिश की लेकिन यह वह उत्तर नहीं है जिसकी मुझे तलाश है। यदि कोई बच्चा सही उत्तर देता है तो कहें, हाँ! बहुत अच्छे!

नीचे कुछ प्रश्न और उनके उत्तर दिए गए हैं, जो आप उनसे पूछ सकते हैं।

**यह किसने कहा 'मैं सृजनहार परमेश्वर के बराबर हो जाऊँगा।'**
बुरी आत्मा ने।

**इस कहानी से हम क्या सीखते हैं?**
सृजनहार परमेश्वर सबसे बलवान है।

सृजनहार परमेश्वर सभी ताकतों से बलवान है


**आत्माओं के बीच यह लड़ाई कहाँ पर हुई?**
स्वर्ग में।

**सृजनहार परमेश्वर सबसे बलवान क्यों है?**
वह सबसे बलवान इसलिए है क्योंकि उसने ही सबकुछ रचा है।

**यह जानने से, कि सृजनहार परमेश्वर सबसे बलवान है, आज हमें क्या मदद मिलती है?**
यह जानने से, कि सृजनहार परमेश्वर सबसे बलवान है, मुझे यह पता चल गया है कि बुरी आत्मा और सभी बुरी आत्माओं का मुझ पर कोई अधिकार नहीं है। मैं केवल सृजनहार परमेश्वर के लिए ही गाता हूँ।

# पाठ 2

## ऐक्शन गीत



***ऐसे ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर सब ताकतों से अधिक बलवान है***

परमेश्वरने शैतान को
हराया है
करो महिमा उसकी
पैदा हुआ बना इन्सान
देखो भागा शैतान
नारे लागाओ जय गीत गाओ
शैतान हुआ परेशान
लाला ला ला ला (3)

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर सब ताकतों से बलवान है***

सबसे छोटे लड़के और सबसे बड़े लड़के या सबसे छोटी लड़की और सबसे बड़ी लड़की के बीच पंजा लड़वाएँ। दिखाएँ कि कैसे सबसे बलवान जीतता है और समझाएँ कि सृजनहार परमेश्वर सबसे बलवान है और हमेशा जीतता है। बुरी आत्माओं को हरा दिया गया है। वे लड़ाई में हार चुकी हैं।

## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर सब ताकतों से बलवान है***

**प्रकाशित वाक्य 12:8** *'किन्तु वह उन पर भारी नहीं पड़ सका, सो स्वर्ग में उनका स्थान उनके हाथ से निकल गया।'*

**रहस्यमयी तस्वीर के शब्द:** यदि बच्चों ने अभी तक पढ़ना नहीं सीखा है तो शब्दों के स्थान पर किसी अन्य नमूने का उपयोग करें। कागज़ के एक टुकड़े पर याद किए जाने वाले बाइबल पद का एक शब्द लिखें। अब कागज़ के एक अन्य (उसी आकार के) टुकड़े पर याद किए जाने वाले बाइबल पद का एक और शब्द लिखें। अब कागज़ के एक अन्य (उसी आकार के) टुकड़े पर याद किए जाने वाले बाइबल पद का एक और शब्द लिखें, जब तक कि याद किए जाने वाले बाइबल पद के सारे शब्द कागज़ के टुकड़ों पर न लिख लिए जाएँ। कागज़ के हर एक टुकड़े पर छोटे आकार में 5 अंक लिख दें, किन्तु जिन पर 'भारी' 'नहीं' 'पड़ सका' लिखा है उन पर छोटे आकार में 30 अंक लिखें।

कागज़ के सभी टुकड़ों को उलटा करके और आपस में मिला कर रख दें ताकि कोई भी शब्दों या अंकों को न देख पाए।

बच्चों की दो टीमें बनाएँ। पहली टीम में से एक बच्चे को नियुक्त करें कि वह अपनी टीम के लिए कागज़ का एक टुकड़ा चुने। जिस टुकड़े को उसने चुना है उसे सीधा कर दें और उस पर लिखे अंक उनकी टीम के लेखे में लिख दें।

ब्लैकबोर्ड पर या किसी और कागज़ पर कुल अंक लिखते रहें।

सृजनहार परमेश्वर सभी ताकतों से बलवान है

दूसरी टीम में से एक बच्चे को नियुक्त करें कि वह अपनी टीम के लिए कागज़ का एक टुकड़ा चुने। जिस टुकड़े को उसने चुना है उसे सीधा कर दें और उस पर लिखे अंक उनकी टीम के लेखे में लिख दें। दोनों टीमों से तब तक बारी-बारी ऐसा करवाते रहें जब तक कि सारे शब्द सबके सामने न आ जाएँ।

अब उनसे पूछिए कि कौन इन शब्दों को सही क्रम में ला सकता है (उससे करवाएँ जिसका हाथ पहले उठे) और यदि वे सफल हो जाते हैं तो उनकी टीम को 10 बोनस अंक दें। अब विजेता टीम की घोषणा करें।

यदि बच्चों ने अब तक पढ़ना नहीं सीखा है, तो आप स्वयं ही इन शब्दों को सही क्रम में रख दीजिए और याद किया जाने वाला बाइबल पद उन्हें बोल कर सुनाइए ताकि वे याद कर सकें।

सब लोग ताली बजा कर जीती हुई टीम को शाबाशी दें। उन कागज़ों को, जिन पर याद किए जाने वाले बाइबल पद लिखे हैं, सही क्रम में रखें कि सब बच्चे उन्हें देख सकें।

## व्यावहारिक प्रयुक्ति

***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि सृजनहार परमेश्वर सब ताकतों से बलवान है***

यह जानने से, कि सृजनहार परमेश्वर सबसे बलवान है, मुझे यह पता चल गया है कि बुरी आत्मा और सभी बुरी आत्माओं का मुझ पर कोई अधिकार नहीं है। मैं केवल सृजनहार परमेश्वर के लिए ही गाता हूँ।

**प्रार्थना:** धन्यवाद सृजनहार परमेश्वर कि आप सबसे बलवान हैं। आपका धन्यवाद कि मैं आपके लिए गाता हूँ और यह कि बुरी आत्मा और सभी बुरी आत्माओं का मुझ पर कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि आप सबसे बलवान हैं। मेरे लिए युद्ध आपने जीत लिया है। आमीन।

# पाठ 3



जब हम सृजनहार परमेश्वर की आज्ञाओं को नहीं मानते और अन्धेरे में खो जाते हैं, तब भी सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता रहता है

## एक शिक्षण बिन्दु

***जब हम सृजनहार परमेश्वर की आज्ञाओं को नहीं मानते और अन्धेरे में खो जाते हैं, तब भी सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता रहता है***

## बाइबल में से कहानी

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती है कि जब हम सृजनहार परमेश्वर की आज्ञाओं को नहीं मानते और अन्धेरे में खो जाते हैं, तब भी सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता रहता है***

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक एक।** पेज 14-24. *अन्धेरे में खोए हुए।*

**सामग्री:** चित्रकारी के लिए ब्लैकबोर्ड और चॉक, या मिट्टी और छड़ी, या कागज़ और पेंसिल। बच्चों को भी चित्रकारी के लिए पैड या कागज़, पेंसिल और इरेज़र की आवश्यकता पड़ेगी। चित्रकारी करें और कहानी सुनाएँ।



1, 2, 3 कहानी सुनाना शुरू करें…

मैं सबसे पहले आदमी और औरत को देख सकता हूँ।

मैं सृजनहार परमेश्वर को यह कहते सुन सकता हूँ, ‘भले और बुरे के ज्ञान के पेड़ का फल न खाना।’



सबसे पहला आदमी और औरत सुन नहीं रहे…सुन नहीं रहे…सुन नहीं रहे।

मैं बुरी आत्मा को यह कहते सुन सकता हूँ, ‘तुम सृजनहार परमेश्वर के बराबर हो जाओगे। भले और बुरे के ज्ञान के पेड़ का फल खा लो।’

सबसे पहली औरत सुन रही है…सुन रही है…सुन रही है।



मैं सबसे पहली औरत को यह कहते सुन सकता हूँ, मैं सृजनहार परमेश्वर के बराबर हो जाऊँगी। मैं भले और बुरे के ज्ञान के पेड़ का फल खाऊँगी।’

सबसे पहली औरत खा रही है…खा रही है…खा रही है।




मैं सबसे पहले आदमी को यह कहते सुन सकता हूँ, मैं सृजनहार परमेश्वर के बराबर हो जाऊँगा। मैं भले और बुरे के ज्ञान के पेड़ का फल खाऊँगा।’

सबसे पहला आदमी खा रहा है…खा रहा है…खा रहा है।

# पाठ 3





मैं सबसे पहले आदमी और औरत को देखने की कोशिश करता हूँ। सबसे पहला आदमी और औरत छिपे हुए हैं।

मैं सृजनहार परमेश्वर को यह कहते सुन सकता हूँ, 'मैं तुमसे अभी भी प्यार करता हूँ!'

'मैं तुम्हें बचाऊँगा। तुम मुझे पा लोगे।'

सृजनहार परमेश्वर आ रहा है...

**प्रश्न और उत्तर प्रतिस्पर्धा**

इस कहानी के बारे में बच्चों से प्रश्न पूछें। बच्चों की दो टीमें बनाएँ।

पहली टीम से एक प्रश्न पूछें। पहली टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए। यदि पहली टीम सही उत्तर नहीं देती है तो दूसरी टीम से यही प्रश्न पूछें। दूसरी टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए।

ब्लैकबोर्ड पर या किसी कागज़ पर सबके अंक लिखते रहें।

जब हम सृजनहार परमेश्वर की आज्ञाओं को नहीं मानते और अन्धेरे में खो जाते हैं, तब भी सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता रहता है

अब दूसरी टीम से कहानी के बारे में अगला प्रश्न पूछें। टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए। यदि दूसरी टीम सही उत्तर नहीं देती है तो पहली टीम से यही प्रश्न पूछें। पहली टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए।

इस प्रकार बारी-बारी से दोनों टीमों से कहानी के बारे में प्रश्न पूछते रहें।

यदि कोई बच्चा गलत उत्तर देता है तो यह कहते उसे प्रोत्साहित करें कि तुमने अच्छी कोशिश की लेकिन यह वह उत्तर नहीं है जिसकी मुझे तलाश है। यदि कोई बच्चा सही उत्तर देता है तो कहें, हाँ! बहुत अच्छे!

अगले पेज पर कुछ प्रश्न और उनके उत्तर दिए गए हैं, जो आप उनसे पूछ सकते हैं।

# पाठ 3



**यह किसने कहा, 'तुम सृजनहार परमेश्वर के बराबर हो जाओगे।'?**
बुरी आत्मा ने।

**पहले आदमी और औरत ने किसकी बात मानी, सृजनहार परमेश्वर की या बुरी आत्मा की?**
बुरी आत्मा की।

**पहला आदमी और औरत सृजनहार परमेश्वर से छिप क्यों गए?**
वे शर्मिन्दा थे कि उन्होंने सृजनहार परमेश्वर की बात नहीं मानी थी और वह किया था जिसे करने से सृजनहार परमेश्वर ने मना किया था।

**जब पहला आदमी और औरत सृजनहार परमेश्वर से छिप गए तब सृजनहार परमेश्वर ने उनसे क्या कहा?**
'मैं तुमसे अभी भी प्यार करता हूँ! मैं तुम्हें बचाऊँगा। तुम मुझे पा लोगे।'

**यह कहानी हमें सृजनहार परमेश्वर के बारे में क्या सिखाती है?**
सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता है।

**यह जानने से, कि सृजनहार परमेश्वर सबसे बलवान है, आज हमें क्या मदद मिलेगी?**

यह जानने से, कि सृजनहार परमेश्वर सबसे बलवान है, मुझे यह पता चल गया है कि बुरी आत्मा और सभी बुरी आत्माओं का मुझ पर कोई अधिकार नहीं है। मैं केवल सृजनहार परमेश्वर के लिए ही गाता हूँ।

**बच्चों से कहें कि इस कहानी की चित्रकारी करें।**

## ऐक्शन गीत



***ऐसे ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि जब हम सृजनहार परमेश्वर की आज्ञाओं को नहीं मानते और अन्धेरे में खो जाते हैं, तब भी सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता रहता है***

ईश्वर ने जगत से प्रेम किया
हा हा हालेलुयाह (x3)
प्रेम की बारी में
रोपे गाएँ हम (x2)
प्रेम की बारी में

ईश्वर ने मनुष्यों से प्रेम किया
हा हा हालेलुयाह (x3)
प्रेम की बारी में
रोपे गाएँ हम
प्रेम की बारी में।

# पाठ 3

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि जब हम सृजनहार परमेश्वर की आज्ञाओं को नहीं मानते और अन्धेरे में खो जाते हैं, तब भी सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता रहता है***

**सामग्री:** कागज़ की एक बड़ी शीट। एक कैंची।

एक दिल का चित्र बनाए और उसके अन्दर लिखें 'सृजनहार परमेश्वर का प्रेम'।

कागज़ पर 'सृजनहार परमेश्वर का प्रेम' लिखने के बाद इसे बच्चों को दिखाएँ। समझाएँ कि परमेश्वर का प्रेम हम सभी को मिल सकता है और इसे हम दूसरों में बाँट भी सकते हैं। कागज़ के चारों कोनों की ओर इशारा करें।

शिक्षक: यदि मैं सृजनहार परमेश्वर के प्रेम के अपने चारों कोनों में से एक कोना आपको दे दूँ तो मेरे पास कितने कोनें बचेंगे?

बच्चे जवाब देते हैं: 4 - 1 = 3.

कैंची से एक कोना काटिए और किसी एक बच्चे को दे दीजिए।

शिक्षक: अब गिनिए कि कुल कितने कोने हो गए हैं?

बच्चे जवाब देते हैं: 1, 2, 3, 4... 5!

शिक्षक: मेरे पास चार कोने थे, एक मैंने आपको दे दिया, और अब मेरे पास पाँच कोने हो गए हैं!

बाकी के तीन कोनों को भी काट दीजिए।

शिक्षक: अब गिनिए कि मेरे पास कितने कोने हो गए हैं?


बच्चे जवाब देते हैं: 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7... 8!


इन कोनों के समान, आप परमेश्वर के प्रेम को जितना अधिक बाँटते जाएँगे यह उतना ही अधिक बड़ा होता जाएगा।

सृजनहार परमेश्वर का प्रेम इतना बड़ा है कि हम इसे गिन नहीं सकते कि यह कितना बड़ा है।

जब हम सृजनहार परमेश्वर की आज्ञाओं को नहीं मानते और अन्धेरे में खो जाते हैं, तब भी सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता रहता है

# पाठ 3







## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि जब हम सृजनहार परमेश्वर की आज्ञाओं को नहीं मानते और अन्धेरे में खो जाते हैं, तब भी सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता रहता है***

**भजन 103:4** *'परमेश्वर हमारे प्राण को कब्र से बचाता है, और वह हमें प्रेम और करुणा देता है।'*

**घेरे में बैठ कर शब्द सीखना:** बच्चे एक घेरा बना कर बैठें। याद किया जाने वाला बाइबल पद बच्चों को दिखाएँ। एक-एक शब्द करके इसे जोर से पढ़ें। बच्चों को इसे तब तक दोहराते रहने के लिए कहें जब तक कि यह उन्हें याद न हो जाए। अब यह याद किया जाने वाला यह पद बच्चों से छिपा लें।

एक बॉल लें या एक कागज़ को मोड़ कर उसकी बॉल बना लें और इसे एक बच्चे की ओर फेंके।

यदि बच्चों ने अभी तक पढ़ना नहीं सीखा है तो शब्दों के स्थान पर किसी नमूने का उपयोग करें।

बच्चा बॉल को पकड़ता है और फिर याद किए जाने वाले बाइबल पद का पहला शब्द बोलता है। तब वह बच्चा उस बॉल को वापिस आपके पास फेंकता है। फिर आप बॉल को किसी दूसरे बच्चे की ओर फेंकिए, वह उस बॉल को पकड़ता है और याद किए जाने वाले बाइबल पद का अगला शब्द बोलता है। तब वह बच्चा बॉल को वापिस आपके पास फेंक देता है। फिर आप बॉल को किसी दूसरे बच्चे की ओर फेंकिए, वह उस बॉल को पकड़ता है और याद किए जाने वाले बाइबल पद का अगला शब्द बोलता है। ऐसा तब तक करते रहें जब तक कि याद किए जाने वाले पद के सारे शब्द पूरे न हो जाएँ। इसमें आप भजन सहिंता की पुस्तक अध्याय 103 पद 4 को भी शामिल करें।

जब हम सृजनहार परमेश्वर की आज्ञाओं को नहीं मानते और अन्धेरे में खो जाते हैं, तब भी सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता रहता है

## व्यावहारिक प्रयुक्ति

***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि जब हम सृजनहार परमेश्वर की आज्ञाओं को नहीं मानते और अन्धेरे में खो जाते हैं, तब भी सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता रहता है***

यह जाने लेने का, कि सृजनहार परमेश्वर हमसे प्रेम करता है, अर्थ यह है कि अब हम यह भरोसा रख सकते हैं कि सृजनहार परमेश्वर हमें बचा लेगा।

**प्रार्थना:** सृजनहार परमेश्वर, आपका धन्यवाद कि आप हमेशा मुझसे प्रेम करते हैं। चाहे मैं आपके या लोगों के खिलाफ कुछ सोचूँ या करूँ, तब भी आप मुझसे प्रेम करते हैं। आपका धन्यवाद कि आप मुझे बचा लेंगे। सृजनहार परमेश्वर, यह जानने में मेरी मदद कीजिए कि आप कौन हैं, मुझसे कितना प्रेम करते हैं और आपने मेरे लिए क्या किया है। आमीन।

**पुरस्कार:** हर एक बच्चे को *शुभसन्देश कहानी पुस्तक एक* की एक-एक कॉपी रखने के लिए दे दीजिए। हर एक बच्चे को *शुभसन्देश कहानी पुस्तक एक* पढ़ने में मदद कीजिए।